हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 धान की बालियों पर 'पैनिकल माइट' का हमला, किसानों की ...

12 बची हुई 140 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त करने ...


## खबर संक्षेप

### बारना में आज से श्रीमद् भागवत कथा

**धमतरी।** बारना में स्व. श्रीमती घसनीन बाई की स्मृति में 1 से 9 दिसंबर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दोपहर 1 से 5 बजे तक किया गया है। शोभायात्रा, वेदी पूजन, गौकरण पूजा, ध्रुव, प्रहलाद जन्म, कृष्ण जन्म, रुक्मणि विवाह, सुदामा चरित्र, गीता सार होगा। तैयारी में संतोष, श्रीमती रंभा साहू, अशोक कुमार, भानुप्रिया, सुभाष सोनवानी समेत ग्रामवासी जुटे हैं।

### सिर्री में शिव महापुराण कथा 3 से

**सिर्री।** ग्राम सिर्री के बाजार चौक में संगीतमय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा 3 से 9 दिसंबर तक दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी। कथावाचक सुश्री गंगा देवी होंगी। परायणकर्ता राजेंद्र महाराज रहेंगे। बुधवार को शुभारंभ दिवस पर कलशयात्रा निकाली जाएगी। प्रतिदिन प्रातः रुद्राभिषेक पूजन किया जायेगा। शिव महापुराण की तैयारी जोरों पर है।

### सिन्हा समाज का परिचय सम्मेलन सात को

**धमतरी।** सिन्हा कलार समाज मंडल धमतरी द्वारा युवक-युवती परिचय एवं पारिवारिक मिलन समारोह सात दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री व अति विशिष्ट अतिथि रुपनारायण सिन्हा अध्यक्ष छग योग आयोग होंगे। अध्यक्षता युवराज सिन्हा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कलार समाज करेंगे। विशिष्ट अतिथि रामू रोहरा महापौर, डॉ. लखनलाल धीवर उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ मछुआ बोर्ड, रिखीराम सिन्हा प्रदेश महामंत्री छग कलार समाज, बिसंभर सिन्हा प्रदेश कोषाध्यक्ष, चन्द्रहास सिन्हा अध्यक्ष कलार समाज जिला धमतरी, डॉ. किशोर सिन्हा समाजसेवी रायपुर होंगे।

### मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण आज से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 1 दिसंबर से मशरूम उत्पादन का 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हो रहा है। निदेशक बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि इच्छुक ऐसे महिला एवं पुरुष हितग्राही जो स्वरोजगार के इच्छुक हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आयस्टर मशरूम उत्पादन विधि, पैरा कुट्टी उपचार विधि, फसल प्रबंधन, मशरूम आचार, मशरूम पाउडर, सूखा मशरूम, मशरूम उत्पादन हेतु खेत स्थान की तैयारी आदि की जानकारी दी जाएगी। उद्यमिता सबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

## गंगरेल में टेकस्टार्स स्टार्टअप वीकेंड, मध्य भारत का पहला आयोजन

# स्टार्टअप से उद्योग और रोजगार के नए अवसर

**10 से अधिक निवेशक, 20 मेंटर्स, 100 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला प्रशासन एवं जिला खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टेकस्टार्स स्टार्टअप वीकेंड का तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन रविवार को हो गया। गंगरेल स्थित बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में आयोजित स्टार्टअप वीकेंड के आखरी दिन युवाओं ने नवाचार और उद्यामिता को मॉडल के रूप में प्रेजेंटेशन किया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न शहरों तथा राज्यों से पहुंचे 10 से अधिक निवेशक, 20 से अधिक अनुभवी मेंटर्स, 50 स्टार्टअप टीमें और 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मेंटरों ने टेक्नोलाजी, फूड प्रोसेसिंग, एग्री इनोएशन, हेल्थकेयर, पर्यटन, डिजिटलीकरण, इंटरटेंटमेंट सेक्टर के आइडिया पर विशेष मार्गदर्शन दिया। वहीं प्रतिभागियों को बाजार की वास्तविक चुनौतियों को समझकर समाधान केंद्रित मॉडल विकसित करने प्रेरित किया गया। निवेशक ऐसे स्टार्टअप में रूचि दिखा रहे हैं जिसमें आइडिया स्केलेबल, तकनीक रूप से मजबूत और सामाजिक प्रभाव वाले हो।

टूथब्रश नीम, तुलसी, बबूल का ग्रीन ब्रिस्टल टीम को लीड कर रहे आईटी पटना के हर्ष राजपूत, एमआईटी पटना के विवेक कुमार, सोनीपथ हरियाणा के आदिल, झारखंड के सिम्मीकुमारी, बिहार के साक्षी श्रीवास्तव, छग के प्रेम दिलावर ने बताया कि पूरी दुनिया की जनसंख्या 8

▶▶ शेष पेज 10 पर



### नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले उद्यमी बनें : कलेक्टर



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी प्रतिभाओं की भूमि है। टेकस्टार्ट, स्टार्टअप वीकेंड जैसे आयोजन युवाओं को न केवल मंच प्रदान करता है बल्कि उद्योग जगत से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का अवसर देता है। यह कार्यक्रम धमतरी को नवाचार के नए मानचित्र पर स्थापित करेगा। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि युवा सिर्फ नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाले उद्यमी बने। इस आयोजन से जिला स्तर पर ही नहीं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी स्टार्टअप को बल मिलेगा।

### उद्योग सेतु से होगी बेरोजगारी दूर

कलिंगा यूनिवर्सिटी नया रायपुर के मेंटर डा. अयाज अहमद फरीदी ने बताया कि प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए कलिंगा कालेज के स्टूडेंट द्वारा समाधान प्रस्तुत किया गया। प्रदेश के सभी शहर और गांव से छात्र पढ़ाई कर निकलते हैं। उनकी स्किल के हिसाब से अपने शहर में नौकरी नहीं मिल पाती है। विवश होकर मेट्रोसिटी की तरफ जाना पड़ता है। इससे प्रदेश में बेरोजगारी की दर बढ़ रही है। जो छात्र बाहर नहीं जा पाते व खुद का व्यवसाय या दूसरी स्किल में नौकरी की तलाश करते हैं और वे अपनी स्किल को भूल जाते हैं। इसके समाधान के लिए स्टूडेंट के साथ मिलकर वे लोकल कंपनी, इंडस्ट्रीज, फैक्ट्री, शापिंग माल जैसे सभी उद्योगों में वेकेन्सी को लोकल युवाओं में वाट्सअप द्वारा पहुंचाने का प्रयास किया है। इससे युवाओं को अपने स्वयं के शहर में उनकी स्किल के मुताबिक जॉब मिल सके। कंपनियों को भी उनके शहर में अच्छी स्किल्ड एम्पलाईड मिल जाएगा। इस ऐप से किसी क्षेत्र में जॉब करनी है, उसका आइडिया मिल जाएगा।

### पराली से खाद और रोजगार

धरा आर्गनिक टीम के देवाशीष साहू भिलाई, कुणालसिंह देवकोट, विजय कुमार बालोद, हितेश भिलाई, प्रतीक साहू धमतरी, ओजस देशमुख बताते हैं कि खेतों में पराली का निदान नहीं होने से यह प्रदूषण का बड़ा कारण बनते जा रहा है। पराली पर उनका प्रोजेक्ट है कि खेतों से पराली खरीदकर गोठान लाया जाएगा। गौठानों में स्वसहायता समूह के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जाएगा। लैब में टेस्ट कर गुणवत्तापूर्ण खाद 1 किलो से लेकर 50 किला तक पैकेजिंग करेंगे। इसमें राक फास्फेड मिलाकर डीएपी की आर्गेनिक खाद तैयार की जा सकती है। इसका उपयोग टेरिस गार्डन से लेकर खेती किसानों के लिए किया जा सकेगा।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस देगा आइडिया

धमतरी शहर के दुष्यंत किरी, पुरूषोत्तम किरी की टीम के पारितोष सिन्हा, अमान, सात्विक, सैयद मोईन बताते हैं कि एआई के माध्यम से सूचना या जानकारी के लिए आइडिया मिलेगा। आप क्या चाहते हैं उसको एआई बेहतर ढंग से प्रस्तुत करेगा। उद्योग के लिए इसका उपयोग बहुत अच्छा है। इस आयोजन में देश के विभिन्न शहरों एवं राज्य से पहुंचे निवेशक, मेंटर्स, स्टार्टअप टीम ने कहा कि जिला प्रशासन के मुखिया अबिनाश मिश्रा ने जो आयोजन किया है, वह किसी भी प्रदेश में देखने को नहीं मिला है। गंगरेल बांध स्थित रिसोर्ट में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्टार्टअप का कार्यक्रम रखा गया। अच्छा प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया, जिसमें उन्हें स्वयं का हुनर तैयार करने का मौका मिला।

# धान खरीदी की लिमिट कम किसानों की परेशानी बढ़ी

- मात्र 40 दिन शेष, निर्धारित लिमिट में सभी किसानों से धान की खरीदी संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस बार शुरू से धान खरीदी समस्याओं से घिरी हुई है। पहले पंजीयन को लेकर समस्या थी, अब टोकन को लेकर किसान परेशान हैं। लगभग सभी खरीदी केंद्रों में खरीदी की लिमिट काफी कम है जिसके चलते कुछ ही किसानों से धान खरीदी हो पा रही है। अधिकांश किसान टोकन के लिए भटक रहे हैं। कई जगहों पर खरीदी केंद्र के कर्मचारी और किसानों के बीच विवाद की स्थिति भी बनी हुई है।

खरीदी केंद्रों में कम लिमिट के चलते किसान की नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसान युवराज शर्मा, देवनारायण साहू सहित अन्य किसानों ने बताया कि तुहंर टोकन एप ढंग से काम ही नहीं कर रहा है। इस एप में टोकन कटने का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। रोज सुबह 8 बजे से पहले वे एप खोलकर बैठ जाते हैं, लेकिन एप खुलता ही नहीं। शनिवार को भी यही स्थिति थी। 8 बजे एप खुला ही नहीं। 8: 10 बजे एप खुला, लेकिन तब तक टोकन का कोटा पूरा हो चुका था। 1 क्विंटल 60 किलो की जगह शेष थी। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्रों में लिमिट से तीन गुना धान आसानी से खरीदा जा सकता है। इसके बाद भी शासन द्वारा लिमिट नहीं बढ़ाया जाना समझ से परे हैं। जब तक लिमिट नहीं बढ़ाई जाती है किसान परेशान होते रहेंगे।

**केस 1**

कुरमातराई धान खरीदी केंद्र में प्रतिदिन खरीदी की लिमिट मात्र 1 हजार क्विंटल है, जबकि यहां प्रतिदिन 2 से 2.5 हजार क्विंटल धान की खरीदी आसानी से की जा सकती है। यदि यहां लिमिट नहीं बढ़ाई जाती है तो खरीदी की अंतिम तिथि तक सभी किसानों की धान खरीदी संभव नहीं है।

**केस 2**

देमार धान खरीदी केंद्र में प्रतिदिन खरीदी लिमिट 1065 क्विंटल है। रोजाना इतनी खरीदी होगी तब भी सभी किसानों से धान खरीदना संभव नहीं है। खरीदी केंद्र द्वारा लगातार लिमिट बढ़ाने की मांग की जा रही है, लेकिन अब खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाई गई है।



### पूरी खरीदी संभव नहीं

मिली जानकारी के अनुसार रविवार और शनिवार की छुट्टी को छोड़ दें तो खरीदी के लिए 40 दिन शेष हैं। कुरमातराई खरीदी केंद्र में अब तक मात्र 10 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई है। अभी भी यहां किसानों से 50 हजार क्विंटल धान खरीदना शेष हैं। लिमिट के अनुसार 40 दिनों में मात्र 40 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो सकेगी। इस बीच यदि मौसम खराब होता है या अन्य कोई समस्या आती है तो खरीदी और भी कम हो जाएगी। यही स्थिति देमार खरीदी केंद्र की है। यहां किसानों से करीब 66 हजार क्विंटल धान खरीदा जाना है। अब तक यहां करीब 8 हजार क्विंटल धान की ही खरीदी हुई है।

### उठाव को लेकर समस्या

खरीदी केंद्रों में दूसरी समस्या उठाव को लेकर है। सूत्रों के अनुसार शासन से कस्टम मिलिंग की राशि कम करने की तैयारी है। कम राशि में धान की मिलिंग करना राइस मिलर्स को रास नहीं आ रहा है, जिसके चलते वे धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। यदि खरीदी की लिमिट बढ़ा दी जाती है तो खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति बन सकती है। शायद यही कारण है कि शासन-प्रशासन द्वारा फिलहाल लिमिट बढ़ाने की प्लानिंग को पेंडिंग रखा गया है।

### ऑफलाइन टोकन की लिमिट बढ़ाने उठी मांग

किसान महेश मेश्राम, रामकृष्ण साहू ने बताया कि ज्यादातर किसान मोबाइल को अच्छे से चलाना नहीं जानते हैं। इस कारण उन्हें ऑनलाइन टोकन कटवाने में परेशानी हो रही है। वहीं ऑफलाइन टोकन की लिमिट काफी कम है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 70 प्रतिशत ऑनलाइन और 30 प्रतिशत टोकन ऑफलाइन काटने का प्रावधान है। 1 हजार क्विंटल रोजाना खरीदी में मात्र 3 सौ क्विंटल ही ऑफलाइन कटता है। किसानों ने ऑफलाइन टोकन को ज्यादा से ज्यादा काटने की मांग की है।

# सब्जियों के दाम ने ली ठंडी करवट, बंपर आवक से ग्राहकों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पखवाड़े भर से महंगे दाम में बिक रही हरी सब्जियां आखिरकार रविवार को सामान्य हो गईं, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिली है। ठंड के सीजन में बंपर उत्पादन के बावजूद बीते 15 दिनों से सब्जियों के भाव आसमान छू रहे थे। मगर इस सप्ताह बढ़ी कड़ाके की ठंड ने बाजार के रुझान को पलट दिया और थोक दाम में 30 से 70 रुपए तक की गिरावट दर्ज हुई, जिसका लाभ सीधे चिल्हर बाजार तक पहुंचा।

सब्जियों की कीमत नरम होते ही गृहणियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। स्थानीय ग्रामीण अंचल से ताज़ी सब्जियों की बंपर आवक ने बाजार में रौनक बढ़ा दी है। इतवारी बाजार में पसारा लगाने वाले चैनसिंह सोनकर और प्रकाश सोनकर ने बताया कि आवक बढ़ने से रविवार को कई सब्जियां न्यूनतम दर पर बिकीं। लौकी मात्र 10 किलो रही, जबकि पत्तागोभी, मूली और कुम्हड़ा 30 रुपए किलो में उपलब्ध रहे। कुंदरू, करेला, टमाटर, डोड़का, तरोई, कोचई, लालभाजी और पालक 40 रुपए किलो में बिके। भिंडी 50, बरबटी, हरी मिर्च, परवल, कटहल और सेमी 60 रुपए किलो रहे। ग्वारपल्ली 80, देसी ग्वारफल्ली 60, धनिया-मेथी 100 और मुनगा 200 किलो बिका।

किराना बाजार में भी कीमतें स्थिर रहीं। आलू-प्याज 25, शक्कर 46, गुड़ 55, हल्दी 200, मिर्च 170, धनिया 120, जीरा 250 और लहसुन 90 में बिका। अरहर दाल 110, मूंग 100, उड़द 100, मसूर 90, चना देसी 80 और काबुली चना 120 में बिकी। इस सप्ताह अंडा 90 दर्जन रहा।

**इतवारी बाजार अपडेट : पत्तागोभी, मूली और कुम्हड़ा 30 रुपए किलो**



# नरहरा जलप्रपात में नहाते वक्त युवक पानी में बहा




- शाम ढलने के बाद रेस्क्यू आपरेशन स्थगित, सुबह फिर होगी खोजबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रायपुर से पिकनिक मनाने नरहरा जलप्रपात आए दोस्तों की टीम से एक युवक गहरे पानी में चला गया। गोताखोरों की लगातार कोशिश के बाद भी युवक का पता नहीं चला है। रात होने के कारण सुरक्षागत कारणों से रेस्क्यू आपरेशन बंद कर दिया गया है। सोमवार सुबह से खोजबीन फिर शुरू की जाएगी।

जानकारी के अनुसार रविवार को रायपुर कोटा से चार दोस्त घूमने के लिए नरहरा जलप्रपात आए थे। इसमें से तीन दोस्त नहाने के लिए नदी में उतरे थे। इस दौरान एक युवक तोरण नायक गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने उसे पानी से निकालने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे और तोरण पानी में लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गोताखोरों की टीम, पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। टीम ने लगभग दो घंटे तक लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया। शाम ढलते ही अंधेरा बढ़ने लगा, जिसके बाद सुरक्षा कारणों से सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाएगा। स्थानीय गोताखोरों के साथ विशेषज्ञ टीम को भी मदद के लिए बुलाया जा सकता है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**आज चतुर्थ पुण्यतिथि पर**
**विनम्र श्रद्धांजलि**

आंसुओं का सैलाब हर सीमा कर लेता है पार।
जब चल पड़ती है स्मृतियों की भीगी भीगी बयार।।
आपके स्नेह के क्षण याद आएंगे बार बार।
आपको हो हमारी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि स्वीकार।।



जन्मतिथि 07-07-1974
स्वर्गारोहण 01-12-2021

**स्व. श्री खेमन लाल देवांगन** (वरिष्ठ पत्रकार)

पत्रकारिता जगत में सिर्री क्षेत्र से जनता की आवाज को निर्भीक होकर बुलंद किया, आज वे कहीं गुम हो गए ऐसे वरिष्ठ ऊर्जावान पत्रकार, कर्मठ व्यक्तित्व को उनके चतुर्थ पुण्यतिथि पर

शत्-शत् नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि

शोकाकुल परिवार-
अयोध्या प्रसाद, अवधराम, अमरूराम, मोतीलाल, भारत, शत्रुहन, अर्जुन, शोभा, आदि, धनेन्द्र, ललित, डोमेन्द्र, डेमन्त, सुमेन्द्र, चंद्रकांत, अमित ऋषभ, पंकज एवं समस्त देवांगन परिवार

विनीत
श्रीमती दुलौरिन देवांगन (माँ)
श्रीमती सावित्री देवांगन (पत्नी)
पामेश देवांगन (पुत्र)
(हरिभूमि संवाददाता 9131673165)

प्रतिष्ठान - देवांगन न्यूज एजेंसी, सिर्री (कुरूद)

## खबर संक्षेप

### डिजिलटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी अब 15 तक

**कांकेर।** गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे का संशोधन का प्रावधान 30 सितंबर 2025 तक रहेगा। इसके उपरांत पीव्ही एप के माध्यम से ही भौतिक सत्यापन उपरांत प्रविष्टियों में परिवर्तन किया जा सकेगा। यह ऐप 15 सितंबर से गो लाईव होगा तथा इस ऐप के माध्यम से 31 अक्टूबर तक प्रविष्टियों में परिवर्तन किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि पीव्ही एप के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत प्रविष्टियों में परिवर्तन करने की अवधि को 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया था। तिथि को बढ़ाकर 15 दिसंबर तक किया गया।

### बनसागर में शिव महापुराण कथा 25 से 31 दिसम्बर तक

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर के शिवमंदिर प्रांगण में देवाधिदेव महादेव की असीम कृपा से श्रीश्री शिव महापुराण सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 25 से 31 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। यह आयोजन स्व पुनित कौशिक एवं माता स्व जानकी कौशिक की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। कथा प्रवाह 25 दिसम्बर गुरुवार कलश यात्रा, वेदी पूजन, शिवमहापुराण उत्पत्ति, 26 दिसम्बर, शुक्रवार सृष्टि उत्पत्ति, शिवलिंग प्रादुर्भाव, चंचुला कथा 27 दिसम्बर शनिवार नारद मोह, सती चरित्र, पार्वती जन्म 28 दिसम्बर, रविवार शिव-पार्वती विवाह, 29 दिसम्बर, सोमवार कार्तिकेय एवं गणेश जन्म, त्रिपुर दानव वध कथा, 30 दिसम्बर, मंगलवार बारह ज्योतिर्लिंग एवं अन्य पावन कथाएँ 31 दिसम्बर बुधवार शिवगीता, हवन एवं पूर्णाहुति पावन कथा का वाचन कथा व्यास पं. गोविन्द प्रसाद शुक्ला द्वारा किया जाएगा।

## निधन

### दामोदर सिंह उर्वशा

**धमतरी।** सोरिद वार्ड निवासी दामोदर सिंह उर्वशा 45 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। वे



वर्तमान में छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड दुर्ग में सहायक कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ थे। वे डोमार सिंह उर्वशा के पुत्र तथा सिमरन, मृणाल, वल्लभ के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन व नगरवासी काफी संख्या में शामिल हुए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### स्टार्टअप से उद्योग और रोजगार के नए अवसर

अरब है जिसमें से 7 अरब लोग प्लास्टिक के ब्रश से मुंह साफ करते हैं। डाक्टर तीन माह में उपयोगी ब्रश को रिजेक्ट करने की सलाह देते हैं। प्लास्टिक 500 साल तक डिस्पोज नहीं होता। ब्रश का रिसायकल नहीं होने से यह पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है। इसे देखते हुए धान के भूसे का बाडीपार्ट बनाया जाएगा। बाडी सिल्वर, गोल्ड तथा स्टील की भी बनाई जा सकेगी। बाडी ऐसी रहेगी कि उसमें ब्रश, ब्रिस्टल को फीट किया जा सकेगा। ब्रिस्टल नीम, तुलसी, बबूल या छिंद के लकड़ी से तैयार होगा। इससे प्लास्टिक से दूरी के साथ सेहत भी अच्छी रहेगी। उन्होंने बताया कि उनके प्रोजेक्ट को आनलाइन करने पर अनेक लोगों का रिस्पांस मिल रहा है।

---

महानदी मुख्य नहर पर 4.29 करोड़ से बनने वाले क्रॉस रेगुलेटर का विधायक ने किया शुभारंभ

# पानी की हर एक बूंद बनेगी किसानों का सहारा : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई एवं जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम चरमुड़िया में महानदी मुख्य नहर पर 4.29 करोड़ से बनने वाले क्रॉस रेगुलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य का क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने भूमिपूजन व शुभारंभ किया। साथ ही क्षेत्रवासियों से कहा कि इस परियोजना के शुरू हो जाने पर पानी की हर एक बूंद किसानों का सहारा बनेगी।

बुधवार को विधायक श्री चंद्राकर ने कुरुद शहर से लगे ग्राम चरमुड़िया मुख्य नहर पर इस दूरदर्शी और जनकल्याणकारी योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि सही समय पर फसल को सही मात्रा में पानी पहुंचाना किसानों के लिए आवश्यक होता है। जब पानी की जरूरत ज्यादा होती है तो जल बंटवारा का विवाद भी पनपने लगता है । इन्हीं सब समस्याओं से क्षेत्र के किसानों को निजात दिलाने भाजपा की साय सरकार ने महानदी मुख्य नहर के आरडी 28.89 किमी पर क्रास रेग्युलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य के लिए 4.29 लाख करोड़ की राशि स्वीकृत की है। इसके निर्माण से न केवल किसानों को समय पर जरूरत के हिसाब से सिंचाई के लिए पानी मिलेगा बल्कि क्षेत्रवासियों को पेयजल समस्या से भी निजात मिलेगी।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिपं. सभापति श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़, जपं सभापति आनंद यदु, सदस्यगण उर्वशी बाँधेकर, रेखा साहू, डिकेश्वरी देवांगन, भखारा नपं अध्यक्ष ज्योति हरखचन्द जैन, भाजपा नेतागण हरिशंकर सोनवानी, कृष्णकांत साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, झागेश्वर ध्रुव, रामस्वरूप साहू, लोकेश्वर सिन्हा, सुनील गायकवाड़, थानेश्वर तारक, स्थानीय सरपंच नीतू तोड़ेकर के अलावा नहर सिंचाई विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कृषि उत्पादन को मिलेगी नई गति

श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान अन्नदाता हैं और उसकी तरक्की से प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत का सपना पूरा होगा। उन्होंने किसानों से जैविक और आधुनिक खेती कर कृषि लागत में कमी कर किसानी में नवाचार करने की बात कही। उन्होंने उन उन्नतशील कृषकों का जिक्र कर प्रशंसा की जो खेती में नवाचार कर क्षेत्र, जिला एवं प्रदेश का मान बढ़ा रहे हैं। क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि आगामी वर्षों में सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी। क्षेत्रवासियों को सुदृढ़ पेयजल व्यवस्था और कृषि उत्पादन को नई गति मिलेगी।



### क्या है क्रास रेगुलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण

क्रॉस रेगुलेटर एक हाइड्रोलिक संरचना है जो मुख्य नहर के आर-पार बनाई जाती है, ताकि ऑफ-टेक नहरों को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके, भले ही मुख्य नहर में प्रवाह कम हो। यह मुख्य नहर के भीतर जल स्तर को बढ़ाकर काम करता है, जिससे ऑफ-टेक चैनल में पर्याप्त पानी पहुंच सके। इसके अतिरिक्त यह नहर प्रणाली में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित कर सकता है और सड़क या राजमार्ग के ऊपर से गुजरने का मार्ग भी प्रदान कर सकता है।

---

# करेली बड़ी-खट्टी को मिला नगर पंचायत का दर्जा

- राजपत्र में अधिसूचना जारी, सड़कों, पेयजल, नालियों और अन्य नागरिक सुविधाओं में तेजी आएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से करेली बड़ी को नगर पंचायत बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इसे कुरूद विधानसभा के लिए एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। विधायक श्री चंद्राकर की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने करेली बड़ी को नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा की थी।

यह घोषणा करेली बड़ी में आयोजित प्रदेश स्तरीय महतारी सदन लोकार्पण समारोह के दौरान की गई थी। अब राज्य शासन ने इसका क्रियान्वयन करते हुए ग्राम पंचायत करेली बड़ी और खट्टी दोनों को मिलाकर नगर पंचायत का दर्जा देने की अधिसूचना छत्तीसगढ़ के राजपत्र में जारी कर दी है।

नगर पंचायत बन जाने से इन क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी। स्थानीय लोगों को मिलने वाली नागरिक सेवाओं का तेजी से विस्तार होगा। इससे जीवन स्तर में सुधार आएगा। प्रमुख रूप से सड़कों, नालियों और जल निकासी की व्यवस्था मजबूत होगी। बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। इसके अलावा प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, पक्की सड़कों का विस्तार आदि कार्य होंगे। शहरों की तर्ज पर अन्य जरूरी सुविधाएं यहां के निवासियों को मिलेगी।




### आधारभूत सुविधाओं को मिलेगी मजबूती

जनगणना 2011 के अनुसार दोनों गांव की संयुक्त आबादी 5,968 है। राज्य सरकार द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार ग्राम पंचायत बड़ी करेली को नगर पंचायत के रूप में उन्नत किया जा रहा है जिसमें खट्टी ग्राम भी शामिल है। जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार बड़ी करेली की जनसंख्या 5069 और खट्टी की 899 की संयुक्त जनसंख्या 5,968 है। नगर पंचायत का दर्जा मिल जाने के बाद अब बड़ी करेली की सीमाएं शहरी निकाय क्षेत्र के रूप में आधिकारिक तौर पर परिभाषित होगी। यह परिवर्तन क्षेत्र में विकास के नए आयाम खोलेगा। यहां की आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

---

# खुले घूमने वाले जानवरों के मालिक पर होगी कार्रवाई

- मड़ेली के ग्रामीण विकास समिति की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम मड़ेली में ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में गांव की व्यवस्था और सुरक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई कड़े और आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में खुले घूमने वाले जानवरों के मालिकों पर दंडात्मक कार्रवाई करने पर सहमति बनी। शराब कोचियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखने, संदिग्ध नंबरों की ट्रेसिंग करने और खुले में डिस्पोजल बेचने पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही नशीली दवाइयां बेचने वाले दुकानदारों पर कठोर कार्रवाई करने का भी फैसला किया गया। गांव में किसी भी प्रकार के नए अतिक्रमण पर रोक लगाने, गांव के प्रतिनिधियों के साथ गाली-गलौज करने और चौक-चौराहों पर तेज आवाज में अशांति फैलाने को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि किसी भी स्तर पर बाहरी पुलिस हस्तक्षेप शक्त प्रतिबंधित रहेगा और गांव के विवादों का निपटारा गांव में ही किया जाएगा।



बैठक में सरपंच बीना साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, जनपद सदस्य ठाकुरराम साहू, संरक्षक नारायणगिरी गोस्वामी, अध्यक्ष संतराम साहू, सोशल मीडिया प्रभारी शेखर साहू, उपाध्यक्ष ताराचंद साहू एवं महेंद्र निर्मलकर सहित विभिन्न समाज के प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# उच्चस्तरीय टीम ने किया फुटहामुड़ा नहर निर्माण कार्य का निरीक्षण

- महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने पर नगरी ब्लाक के 22 गांव के किसानों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उच्च स्तरीय टीम ने फुटहामुड़ा नहर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। टीम में मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग शंकर ठाकुर, अधीक्षण अभियंता केके मित्तल, कार्यपालन अभियंता हेमलाल कुरेशिया, अनुविभागीय अधिकारी पेमेंश सिन्हा एवं भविन देवांगन शामिल थे। अधिकारियों ने स्थल का दौरा कर निर्माण की प्रगति, तकनीकी पक्ष तथा आवश्यक संसाधनों का अवलोकन किया।



फुटहामुड़ा नहर निर्माण कार्य गंगरेल जलाशय के सैंडल डैम (ग्राम फुटहामुड़ा) से प्रारंभ होकर लगभग 19.74 किलोमीटर तक निर्माणाधीन है। इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने पर नगरी विकासखंड के 22 ग्रामों के लगभग 1940 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

भू-अर्जन की स्थिति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि मुख्य नहर से प्रभावित 10 ग्रामों में 14.33 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही वन क्षेत्र से प्रभावित 24.42 हेक्टेयर भूमि के प्रकरण को अंतिम चरण की स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे निर्माण कार्य शुरू करने में अब कोई प्रशासनिक बाधा नहीं है। मुख्य अभियंता शंकर ठाकुर ने संबंधित एजेंसी एवं विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य को तत्काल प्रारम्भ करने तथा गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

---

# करेली बड़ी में मितानिन, पूर्व जनप्रतिनिधियों स्वच्छता दीदियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम पंचायत करेली बड़ी में मितानिन दिवस पर मितानिन, पूर्व जनप्रतिनिधियों, ग्रीन आर्मी की महिलाओं का सम्मान किया गया। मितानिन जानकी साहू ने कहा कि 2002 में मितानिन कार्यक्रम लागू हुआ। मितानिनें गर्भवती, शिशुवती प्रसव कार्य, बच्चों का टीकाकरण समेत स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। कोरोना काल में भी भागीदारी निभाई। उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ कहा जाता है। पूर्व पंच यादराम निषाद ने कहा कि ग्रीन आर्मी की महिलाओं ने गांव को स्वच्छता की राह दिखाई। इस दौरान नायब





तहसीलदार बनने पर कमलनारायण साहू का भी सम्मान किया गया। पूर्व उपसरपंच पदुमलाल साहू, जनपद सदस्य देवेंद्र पाल, पूर्व सरपंच डोमार सिंह साहू ने भी अपने विचार रखे।

सरपंच खेमलता साहू ने कहा कि ग्रीन आर्मी की महिलाओं ने गांव में स्वच्छता की बागडोर संभाली है। मौके पर सचिव मुकेश साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, मितानिन आशा ध्रुव, मिनेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, गीता साहू, चंपा निषाद, तोषूबाई साहू, केशरी साहू, उमा निषाद, गोदावरी पाल, उषाबाई, जानकी साहू, पार्वती साहू, गायत्री साहू, दानेश्वर सिन्हा समेत अन्य उपस्तिथ थे। मंच संचालन रोजगार सहायक ओमप्रकाश अहिरवार ने किया।

---

# राष्ट्रीय सेवा शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों का हुआ सम्मान

- डोमा में सात दिवसीय रासेयो शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा के प्राचार्य बालकृष्ण साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर एवं उत्तरा गंजीर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम डोमा में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रतिदिन नशामुक्ति, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों को लेकर लोगों को जागरूक किया गया कार्यक्रम अधिकारी श्री सोनबेर ने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करनी है। प्रतिदिन सुबह योगाचार्य हिरेंद्र साहू और महेन्द्र मानिकपुरी ने योग, व्यायाम, भजन कीर्तन किया। भगवानी राम शांडिल्य पूर्व प्राचार्य ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। दुलेश्वर साहू हेड मेंटर एवं यशवंत साहू मेंटर कौशल विकास प्रथम फाउंडेशन एजुकेशन कुरूद ने कहा कि परीक्षा के बाद अल्पकालीन कोर्स करके विभिन्न कौशल में प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रथम फाउंडेशन एजुकेशन कुरूद द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाता है।






प्रो. निरंजन साहू जिला संगठक ने कहा कि शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों में सामाजिक उत्तरदायित्व, समय नियोजन, कर्तव्य बोध की भावना जागृत होती है। यशवंत बैस बाल संरक्षण अधिकारी एवं भूपेन्द्र सिन्हा चाइल्डलाइन केस वर्कर महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल संरक्षण पर जानकारी दी। खोमन लाल साहू व्याख्याता एवं गजेन्द्र साहू व्याख्याता डोमा ने कहा कि हमेशा सकारात्मक सोच, धैर्य, आत्मविश्वास से बड़ा से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। खेमनलाल निर्मलकर अधिवक्ता ने संविधान में नये कानून के बारे में जानकारी दी।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि दयालाल साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य थे। अध्यक्षता बालकृष्ण साहू प्राचार्य ने की। विशेष अतिथि गोविन्द साहू पूर्व सभापति जिपं, बृजभान साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, मोतीलाल नगारची, राजकुमार साहू, खेमेश्वर राव वाकड़े अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति कोसमर्रा, यशवंत साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज, झलक धुव कोषाध्यक्ष ग्रामीण, महेन्द्र मानिकपुरी सदस्य ग्रामीण, नरेश कुमार व्याख्याता, संतोष कुमार जैन कार्यक्रम अधिकारी, अनिल कुमार साहू शिक्षक थे। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत डॉ चिराग जैन की टीम ने 81 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

दयालाल साहू, गुंजन साहू सरपंच ने कहा कि पढ़ाई के साथ शिविर में नेतृत्व क्षमता, सामूहिक सहभागिता से सर्वांगीण विकास होता है। गोविन्द साहू, खेमेश्वर राव वाकड़े, बृजभान साहू, मोतीलाल नगारची, झलक धुव ने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। प्राचार्य बालकृष्ण साहू ने कहा कि स्वयंसेवकों ने यहां दो वर्ष तक सेवा की। कार्यक्रम का संचालन चित्रसेन साहू ने किया।

---

एसबीआई की छाती शाखा का किया शैक्षिक अवलोकन

# सेजेस कंडेल के छात्रों ने सीखी खाता खोलने की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय (सेजेस) कंडेल के छात्रों के लिए 26 नवंबर को औद्योगिक भ्रमण (इंडस्ट्रीयल विजिट) का आयोजन किया गया।

प्राचार्य राहुल सिंह नेताम और व्यावसायिक प्रशिक्षक पुष्पेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बैंकिंग व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की स्थानीय छाती शाखा का दौरा कराया गया।



इस दौरान शाखा प्रबंधक अनुपमा देव और बैंक के अन्य कर्मचारियों ने छात्रों को बैंकिंग प्रणाली के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। विभिन्न प्रकार के बैंक खातों (टाइप्स आफ अकाउंट्स) को खोलने के लिए आवश्यक दस्तावेज़ीकरण और चरणों का व्यावहारिक प्रदर्शन हुआ। ग्राहकों को उपलब्ध बीमा योजनाओं के लाभों और महत्व पर चर्चा की गई। केवाईसी प्रक्रिया की अनिवार्यता और महत्व, आरटीजीएस, एनईएफटी और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सुरक्षित और तीव्र धन हस्तांतरण के तरीके सीखे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### मरौद टोल प्लाजा में वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण



**धमतरी।** धमतरी पुलिस द्वारा मरौद टोल प्लाजा में नेत्र परीक्षण और यातायात जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। इस शिविर में 56 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें उनकी दृष्टि, रंग पहचान क्षमता और रात में देखने की क्षमता का मूल्यांकन किया गया। जिन चालकों को चश्मे की आवश्यकता पाई गई, उन्हें इसे नियमित रूप से पहनने की सलाह दी गई। यातायात पुलिस ने सुरक्षित गति, सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग, नशामुक्त ड्राइविंग, ओवरटेकिंग के नियम पर जानकारी दी।

### सीजी पीएससी में चयनित ज्योति का रंजना ने किया सम्मान



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ग्राम पुरी निवासी ज्योति पिता नरेश साहू का वाणिज्य कर निरीक्षक पद पर चयन होने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष है। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने ज्योति साहू से भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पुरी जैसी छोटी बस्ती से निकलकर इस महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद को हासिल करना युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। ज्योति ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और धैर्य के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। किसी भी प्रतिस्पर्धा परीक्षा में सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, निरंतर प्रयास से मिलती है और ज्योति ने इसे सिद्ध किया है। ज्योति ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सभी के सहयोग और आशीर्वाद का परिणाम है तथा वह अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लेती हैं।

### कॉलेज में हुआ संविधान दिवस का आयोजन



**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती सरस्वती घृतलहरे के मार्गदशन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता डॉ. शफीकुन्निसा खान, समाजशास्त्र विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ. किरण ठाकुर, विघनेश्वर सिंह एवं युगल किशोर अतिथि व्याख्याता लोक प्रशासन विभाग ने किया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एमए प्रथम सेमेस्टर के छात्र हेमराज डाहरे ने आभार व्यक्त किया।

### मन की बात जनसंवाद का सशक्त मंच



**धमतरी।** ग्राम बेंद्रानवागांव के बूथ क्रमांक 230 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 128वां संस्करण सुना गया। भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि यह कार्यक्रम हमेशा की तरह मन को ऊर्जा, विचारों को स्पष्टता और राष्ट्रहित को नई दिशा देने वाला रहा। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने आज अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा आरोहण, संविधान दिवस वंदे मातरम के 150 वर्ष, प्राकृतिक खेती, वोकल फॉर लोकल, भारत के उभरते पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। मन की बात वास्तव में जनसंवाद का वह सशक्त मंच है जो देश की सकारात्मकता, जनभागीदारी और राष्ट्रनिर्माण की भावना को मजबूत करता है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, बूथ अध्यक्ष नोकेश्वर साहू, सरपंच श्रीमती प्रसून शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### मड़ई में पहुंचे देव विग्रह



**नगरी।** उमरगांव के खंभे श्री में मड़ई का आयोजन हुआ, जिसमें ग्राम उमरगांव, छिंदीटोला सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में डांग, डोली, आंगा देव, सिरहा एवं देव विग्रह बड़ी संख्या में पहुंचे।

### भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात

**धमतरी।** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 128 वां प्रसारण हुआ। अम्बेडकर वार्ड के बूथ क्रमांक 165 में भाजपाइयों ने मन की बात सुनी



साथ ही स्वदेशी अपनाने घर-घर संपर्क कर शपथ पत्र भरवाया गया। मौके पर महापौर जगदीश रामू रोहरा, वार्ड पार्षद कुलेश सोनी, अनीता सोनी, भाविका, पिंटू यादव, सरिता यादव, गायत्री सोनी, देवेंद्र ध्रुवंशी, नीलमणि पावरिया, कल्पना ध्रुवंशी, कमलेश रजक, तुलेश साहू, भागवत यादव, संतोष निषाद, रामेश्वर यादव, नरेन्द्र यादव, दीपिका रजक, अमरदीप महाजन मौजूद थे।

---

बालियों का वजन कम होने से उत्पादन पर पड़ रहा प्रभाव

# धान की बालियों पर 'पैनिकल माइट' का हमला, किसानों की उड़ी नींद

- कृषि वैज्ञानिक के मुताबिक कीट का नियंत्रण बुटिंग स्टेज में ही कर लेना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के किसान इस बार धान कटाई से ठीक पहले एक नई समस्या से जूझते दिख रहे हैं। कई खेतों में बालियों पर गहरे भूरे रंग के धब्बे दिखाई देने लगे, जिसे लेकर किसानों में चिंता बढ़ गई। जब विशेषज्ञों ने स्थिति की जांच की तो पाया कि ये लक्षण पैनिकल माइट यानी धान की मकड़ी के आक्रमण से उत्पन्न हो रहे हैं। यह कीट धान की गोभ अवस्था (बुटिंग स्टेज) में फसल पर हमला करता है और बाद में बालियों पर स्पष्ट लक्षण छोड़ता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, पैनिकल माइट का संक्रमण शुरुआत में किसानों की नजर में नहीं आता, लेकिन धीरे-धीरे यह बालियों की संरचना और दानों के विकास को नुकसान पहुंचाता है। इस हमले के कारण धान के दाने खाली रह जाते हैं,



बालियों का वजन कम हो जाता है और कुल उत्पादन में भारी गिरावट देखने को मिलती है। किसानों ने बताया कि सामान्यतः चमकदार दिखने वाली बालियां इस बार मुरझाई और हल्की महसूस हो रही हैं, जिसका सीधा असर बाजार में मिलने वाली उपज पर पड़ सकता है।

क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन कंपनी के वैज्ञानिक ललित कुमार चावला ने बताया कि पैनिकल माइट के नियंत्रण के लिए बाजार में कई प्रभावी कीटनाशक उपलब्ध हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि इस कीट का प्रमुख नियंत्रण गोभ अवस्था में ही किया जाना चाहिए, क्योंकि इसी समय यह तेजी से सक्रिय होता है। श्री चावला ने बताया कि किसान आवश्यकता और विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार स्पायरोमेसीफैन, प्रॉपरगाइट, फैनपिरॉक्सिमेट, प्रॉफ़ेनोफॉस, एबामेक्टिन जैसे उपलब्ध उत्पादों का उपयोग कर सकते हैं। उनका कहना है कि समय पर स्प्रे करने से इस कीट के प्रकोप को काफी हद तक कम किया जा सकता है और फसल को बचाया जा सकता है। पैनिकल माइट गर्म और शुष्क मौसम में तेजी से बढ़ता है। इसलिए किसानों को नियमित रूप से खेतों का निरीक्षण करना चाहिए और किसी भी प्रकार के धब्बे, बालियों का हल्का होना या दानों का भराव कम होने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यदि नियंत्रण में देरी होती है, तो यह छोटा दिखने वाला कीट बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा सकता है।

---

## प्रतियोगी परीक्षा के लिए छात्रों को दिए गए टिप्स



**धमतरी।** तेलीनसत्ती मुड़ा, रींवागहन परिक्षेत्र में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ जिला धमतरी तथा आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा उन्मुख कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुड़ा क्षेत्र के आठ गांवों के कक्षा पांचवीं और आठवीं के लगभग 50 विद्यार्थियों को विभिन्न प्रवेश एवं प्रतियोगी परीक्षाओं जवाहर नवोदय, एकलव्य, जवाहर उत्कर्ष, प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय साधन-सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही राज्य सरकार की श्रमिक योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन तथा मुख्यमंत्री युवा करियर निर्माण योजना की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को तैयारी के लिए मार्गदर्शिका एवं अभ्यास पुस्तिकाएं वितरित की गईं तथा उनका मॉक टेस्ट लेकर अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में संघ के जिला अध्यक्ष गेवाराम नेताम, महासचिव दौलत राम ध्रुव, सचिव कलाराम गंगेश, सलाहकार कृष्णा राम मरकाम, सदस्य मनमोहन नेताम, हुमन सिंह ध्रुव सहित मुड़ा अध्यक्ष सैनसिंह मंडावी, सलाहकार कांशीराम छेदैहा, सचिव संतोष ध्रुव, रामजी नेताम, खेदुराम, विक्रम कोर्राम, नीरज नेताम समेत अन्य उपस्थित थे।

---

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा कि मन की बात में प्रधानमंत्री ने देशभर में चल रहे सामाजिक प्रयासों, सामूहिक भागीदारी और जनजागरूकता को बढ़ाने वाले अनेक प्रेरक उदाहरण साझा किए।

उन्होंने राम मंदिर पर धर्मध्वजा के आरोहण, संविधान दिवस, वंदे मातरम के गौरवशाली 150 वर्ष, कुरुक्षेत्र में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण, प्राकृतिक खेती, काशी तमिल संगमम, वोकल फॉर लोकल और उत्तराखंड के विंटर टूरिज़्म जैसे अनेको विषय पर अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री के विचार राष्ट्र निर्माण की भावना को और मजबूत करते हैं। यह



कार्यक्रम हम सभी को जोड़ता है। यह विश्वास दिलाता है कि राष्ट्र का बदलाव तब सबसे मजबूत होता है जब हर नागरिक उसमें अपना सक्रिय योगदान देता है।

---

## कृष्णा पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृष्णा पब्लिक स्कूल धमतरी में मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती उज्ज्वला साहू रहीं। विद्यालय की प्राचार्या पूजा सिंह ने अपने संबोधन में माताओं के अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। बच्चों द्वारा माताओं के सम्मान में कविता, गीत और नृत्य की दिल छू लेने वाली प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से माताएं भावुक हो उठीं। वहीं माताओं के लिए कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया।

---

## अछोटा में बनेगा बौद्ध महार समाज का सामुदायिक भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- विधायक ओंकार साहू ने किया भूमिपूजन

विधायक ओंकार साहू ने विधायक निधि से स्वीकृत ग्राम अछोटा में बौद्ध महार समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

अपने संबोधन में विधायक श्री साहू ने कहा कि बौद्ध महार समाज क्षेत्र के विकास में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाता आया है। समाज की एकजुटता, अनुशासन और संगठनात्मक शक्ति हमेशा क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक रही है। सामुदायिक भवन का निर्माण केवल एक भवन का निर्माण नहीं, बल्कि समाज की सांस्कृतिक और शैक्षणिक उन्नति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भवन समाज के बच्चों की शिक्षा, कौशल विकास, सामाजिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ मिलेगा।

विधायक ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में समाज को सशक्त बनाने आधारभूत संरचनाओं का विकास आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विधायक निधि से इस भवन के लिए राशि स्वीकृत की गई है। समारोह में जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन, कैलाश देवांगन, संतोषी ढीमर सरपंच, अरुण देवांगन पूर्व सरपंच, हृदय रामटेके, भीमसेन नेताम, जीवराखन देवांगन, भोलानाथ देवांगन, हरिराम ध्रुव, अनूप नेताम बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## नपं में सुनी गई प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी के सभाहाल में देश के प्रधानमंत्री द्वारा प्रसारित किए जाने वाले मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने 128वें एपिसोड में भारत की खेल उपलब्धियों, खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि, संविधान दिवस तथा वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष प्रकाश डाला।

इसके साथ ही उन्होंने पुनः स्वदेशी अपनाने का आग्रह किया एवं इसके लिए सुझाव भी मांगे। देशवासियों को शीतकालीन सत्र के दौरान ठंड के दिनों में देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर घूमने, भ्रमण एवं पिकनिक के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने ठंड के मौसम में परिवारजनों तथा स्वयं की सुरक्षा के लिए भी जागरूक रहने की अपील की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, शंकर देव, राजा पवार, यशकरण पटेल, राजेशनाथ गोसाई, नरेंद्र नाग, दीनदयाल शेरपा समेत नगर पंचायत के अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

---

## सांकरा में हुई देवी-देवताओं की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम सांकरा में पारंपरिक गांव मनाई (धान मिंजाई जात्रा) का आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर राव देव स्थल में ग्राम पुजारी द्वारा देवी–देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम फसल की कामना की गई।

कार्यक्रम में सोपसिंग पटेल, शंकर पटेल, गोपी पटेल, विशेष बोरझा, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, सचिव टिकेश साहू, कोषाध्यक्ष छगन साहू, बंशीलाल ध्रुव, राजू पटेल, सहनूराम साहू, जन्मेजय साहू, जनक साहू, संतू निषाद, तुकाराम साहू, रमेश साहू, चिंता साहू, रायसिंह पटेल, डागेश पटेल, पारस साहू, मिथिलेश पटेल, खुबचंद भंडारी, पवन साहू सहित देव समिति, ग्राम समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा की गई, जिससे पूरे गांव में धार्मिक माहौल एवं उत्साह का संचार रहा।

---

## रबी फसल के लिए किसानों को सरसों बीज का वितरण

- दलहन-तिलहन फसल उत्पादन बेहतर विकल्प साबित होगा : मोनिका

**धमतरी।** जिले में फसल चक्र परिवर्तन, दलहन तिलहन एवं कृषि विकास को बढ़ावा देने और किसानों को उन्नत तकनीकी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषक उन्नति योजना के तहत अछोटा सेक्टर के ग्राम पंचायत भोयना में 20 चयनित किसानों को निः शुल्क सरसों बीज प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि यह पहल किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन एवं फसल चक्र परिवर्तन से मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी। गर्मी के दिनों में सिंचाई के लिए पानी की कमी के कारण धान की फसल लेने में असुविधा होती है इसलिए दलहन-तिलहन फसल उत्पादन किसानों के लिए बेहतर विकल्प साबित होगा और कृषकों की आय के स्रोत में बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती पारधी ध्रुव, सचिव श्वेता गुप्ता, पंच सुलोचना देवांगन, आरईओ गुणिका साहू सहित अनेक कृषक मौजूद थे।

---

मुख्य मार्गों पर नियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

# ट्रिपल राइडिंग, नो हेलमेट, हाई स्पीड और पार्किंग की समस्या से बढ़ रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में दिनोंदिन बढ़ रही आबादी और वाहनों की संख्या ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। दोपहिया से लेकर चारपहिया वाहन तक सड़क पर लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन ट्रैफिक अनुशासन का स्तर इसके विपरीत गिरता जा रहा है। ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट दौड़ती बाइकें और फर्राटेदार रफ्तार अब पूरे शहर में बेहद आम दृश्य बन गए हैं।

इसी लापरवाही के कारण सड़क हादसों के मामलों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। अर्जुनी मोड़ से लेकर घड़ी चौक, अंबेडकर चौक, रुद्री रोड, सदर बाजार और सिहावा रोड जैसे मुख्य मार्गों पर नियमों की अनदेखी खुलेआम हो रही है।



ट्रैफिक पुलिस की सीमित कार्रवाई और फील्ड चेकिंग की कमी से लोग निर्भीक होकर नियम तोड़ रहे हैं। शहर में यातायात व्यवस्था तीन प्रमुख समस्याओं के इर्द-गिर्द फंसी हुई है नो पार्किंग, बिना हेलमेट वाहन चलाना और ट्रिपल राइडिंग।

इन्हीं उल्लंघनों की वजह से पिछले वर्ष सड़क हादसों से होने वाली मौतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अधिकांश मृतक दोपहिया वाहन सवार थे, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना था।

### शहरवासियों की गंभीर चिंताएं

ट्रैफिक की अव्यवस्था को लेकर शहर के नागरिक भी चिंता व्यक्त कर रहे हैं। गजेंद्र केलकर का कहना है कि नियमों का पालन न करने की आदत लोगों में इतनी बढ़ गई है कि रोजाना दुर्घटना होते देखना आम बात हो गई है। हेलमेट पहनना लोगों को बोझ लगता है।

### जरुरत है सख्त कार्रवाई और जागरुकता की

यातायात विशेषज्ञों का मानना है कि शहर में ट्रैफिक नियमों को सख्ती से लागू करने, नियमित चेकिंग अभियान चलाने और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। वरना ट्रैफिक अव्यवस्था आने वाले समय में और बड़ी चुनौती बन सकती है।

### पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्र में बड़े शोरूम और दुकानें तो खुल गई हैं, लेकिन पार्किंग स्पेस लगभग नहीं के बराबर है। मल्टीलेवल पार्किंग होने के बावजूद नागरिकों का रुझान कम है, जिसके कारण सड़क किनारे वाहन खड़े करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसके परिणामस्वरूप जाम, भिड़ंत और तनाव जैसी स्थितियाँ पैदा होती हैं।

कीर्ति साहू ने कहा कि स्कूल-कॉलेज के बच्चों के लिए स्थिति खतरनाक होती जा रही है। चौक-चौराहों पर तेज रफ्तार बाइकर्स हर समय जोखिम पैदा करते हैं।

भूषण शर्मा ने पार्किंग व्यवस्था को सबसे बड़ी समस्या बताया। उनके अनुसार बाजारों में पार्किंग स्पेस न होने के कारण लोग सड़क पर ही वाहन खड़े करते हैं। इससे जाम लगता है और कई बार विवाद तक हो जाता है।

जसराज शर्मा ने कहा कि ट्रिपल राइडिंग पर रोक लगने के बाद भी शहर में हर दिन तीन-तीन लोग एक बाइक पर फर्राटा भरते दिख जाते हैं। सख्ती की बेहद जरूरत है।

अनूप चंद चेलक का कहना है कि आईटीएमएस कैमरों के सहारे यातायात व्यवस्था चल रही है। कैमरों से ई-चालान तो कट रहे हैं, लेकिन सड़क पर पुलिस की मौजूदगी भी जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर गणना पत्रक अब 11 तक जमा कर सकेंगे

**कांकेर।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहीं स्पेशल इंटेंसिव रिविजन प्रक्रिया की समय-सीमा 7 दिन बढ़ा दी है। आयोग की ओर से पूर्व आदेश को निरस्त करते हुए नया शेड्यूल जारी किया गया है। इसके अनुसार अब एन्यूमरेशन, बूथों के पुनर्गठन से लेकर ड्राफ्ट रोल की पब्लिकेशन और क्लेम-ऑब्जेक्शन की प्रक्रिया सभी संशोधित तिथियों के अनुसार होगी। अंतिम तिथि 4 दिसंबर तक थी, यानी सिर्फ 4 दिन शेष रह गए थे। अब 7 दिन समय-सीमा बढ़ने से अंतिम तिथि 11 दिसंबर हो गई।

### अमीन भर्ती परीक्षा में गहरे रंग के पोशाक पहनने पर नहीं दे सकेंगे परीक्षा

**जगदलपुर।** व्यापम द्वारा 16 जिलों में 7 दिसम्बर को जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें लगभग 2 लाख 30 हजार अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचेंगे। ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सकेगा। प्रातः 12 बजे से परीक्षा प्रारंभ होगा इसलिए मुख्य द्वार प्रातः 11.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएंगे । काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा।

### विश्व एड्स दिवस आज मिले एड्स के संक्रमित 2511 मरीज

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित जिला एड्स नियंत्रण समिति बस्तर जिला अध्यक्ष एवं कलेक्टर हरीश एस., मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के मार्गदर्शन में संचालित आईसीटीसी सेंटर महारानी हॉस्पिटल जगदलपुर, आईसीटीसी सेंटर चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल, आईसीटीसी मोबाइल वैन जगदलपुर, आईसीटीसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड और आईसीटीसी केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल में संचालित है। एड्स नियंत्रण कार्यक्रम बस्तर जिले में वर्ष 2003 से संचालित है। वर्ष 2003 से अब तक एचआईवी जांच की संख्या 265721 लोगों का जांच किया गया है, जिसमें संक्रमित 2511 लोगों को पाया गया है। इसी वर्ष अप्रैल से अक्टूबर तक 17395 लोगों का जांच किया गया है, जिसमें संक्रमितों की संख्या 87 है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सिंगल विंडो सोशल प्रोटक्शन एचआईवी एक्ट 2017 एचआईवी के संबंध में जनजागरूकता हेतु कई कार्यक्रम संचालित है।

जिले में शुरू हुआ 100 दिवसीय जागरूकता अभियान

# बची हुई 140 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त करने झोंकी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अब तक 230 ग्राम पंचायत और 2 नगर पंचायत बाल विवाह मुक्त घोषित हो चुकी हैं। बाकी बची ग्राम पंचायतों और नगर पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसके लिए 100 दिवसीय अभियान भी शुरू किया गया है। इस अभियान के पहले चरण शैक्षणिक संस्थाओं में छात्र - छात्राओं के साथ शिक्षकों को जागरूक किया जा रहा है।

पूरे जिले को बाल विवाह मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए अधिकारी जीजान से जुटे हुए हैं। जिले में कुल 370 ग्राम पंचायत, पांच नगर पंचायत हैं। लगातार



प्रयास के चलते इनमें से 230 ग्राम पंचायत और कुरूद व आमदी नगर पंचायत को बाल विवाह मुक्त करने का प्रस्ताव आया है। दोनों नगर पंचायत सहित कुछ ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना बाकी है। आवेदन मिलने के बाद लोगों से दावा आपत्ति मंगाई जा रही है। जिसके बाद इन नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित कर दिया जाएगा। उधर लोगों को बाल विवाह के प्रति जागरूक करने के लिए बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड लाइन द्वारा 100 दिनी जागरूकता कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र धमतरी, पुलिस लाइन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमनी एक्का व जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी महेश मरकाम एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक के नेतृत्व में धमतरी जिले में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नीलम साहू परियोजना समन्वयक ने नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र धमतरी के विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लड़के के लिए विवाह की कानूनी उम्र 21 वर्ष और लड़की के लिए 18 वर्ष है। इससे कम उम्र में विवाह किया जाता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बाल विवाह में शामिल लोगों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है, जिसमें दो साल तक का कारावास, 1 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। छात्राओं को बाल विवाह रोकने शपथ ग्रहण कराया गया। इस दौरान पॉक्सो अधिनियम 2012, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मिशन सशक्तिकरण प्रियंका गंजीर जेंडर विशेषज्ञ, सखी वन स्टॉप से केंद्र प्रशासक श्रीमती उषा ठाकुर, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर गिरधारी साहू, अनुराग खलखो आदि उपस्थित रहे। इस संबंध में बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक ने बताया कि इस अभियान के तहत दिसंबर माह में शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद धार्मिक संस्थाओं में लोगों को जागरूक किया जाना है। केटरिंग, पंडाल, डीजे, मैरिज हॉल प्रबंधकों सहित अन्य लोगों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

## उज्ज्वला योजना के तीसरे चरण में शुरू हुआ पंजीयन, महिलाओं में उत्साह

- योजना का लाभ लेने बीपीएल कार्ड का होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरकार की महत्वाकांक्षी महिला कल्याण योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तीसरे चरण की प्रक्रिया जिले में शुरू हो गई है। नए लाभार्थियों के चयन के लिए गैस एजेंसियों में फार्म भरने का सिलसिला तेज हो गया है। निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाली पात्र महिलाएं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कर रसोई गैस कनेक्शन के लिए अपना दावा पेश कर रही हैं।

उज्ज्वला योजना 2016 से लागू है और अब तीसरे चरण में प्रवेश कर चुकी है। इसका प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को परंपरागत ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ऊर्जा यानी एलपीजी उपलब्ध कराना है। इससे न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव कम होते हैं, बल्कि रसोई में धुएं से होने वाली समस्याओं से भी राहत मिलती है। योजना के लिए पात्रता में बीपीएल कार्ड अनिवार्य है। इसके अलावा




परिवार की मासिक आय 10 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन करने के लिए महिला के नाम का राशन कार्ड, परिवार के सभी बालिग सदस्यों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक और एक पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रखी गई है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक 1,35,087 महिलाएं उज्ज्वला से गैस कनेक्शन प्राप्त कर चुकी हैं। हालांकि इनमें से लगभग आधी महिलाएं ही नियमित रूप से सिलेंडर रिफिल करवाती हैं। वर्तमान में उज्ज्वला उपभोक्ताओं को प्रति सिलेंडर 362 रुपये की सरकारी सब्सिडी जारी है। गैस संचालकों ने बताया कि उज्ज्वला और सामान्य दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। इसे पूरा न करने पर कनेक्शन ब्लॉक होने का जोखिम रहता है। धमतरी में अब तक लगभग 69 प्रतिशत उपभोक्ता ई-केवाईसी पूरी कर चुके हैं।

## जिले में मतदाता सूची डिजिटलीकरण में आई तेजी, 88 प्रतिशत कार्य पूर्ण



- निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सटीक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से मतदाता सूची के डिजिटलीकरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र सिहावा, कुरूद और धमतरी के कुल 6,47,147 मतदाताओं में से 5,73,544 मतदाताओं का डिजिटलीकरण पूर्ण हो चुका है, जो 88.63 प्रतिशत उपलब्धि को दर्शाता है।

सबसे अधिक प्रगति जनपद पंचायत नगरी में दर्ज की गई है, जहां 1,26,844 में से 1,19,601 ईएफ डिजिटाइज कर 94.29 प्रतिशत सफलता प्राप्त की गई है। जनपद पंचायत मगरलोड में 92 प्रतिशत तथा समग्र रूप से 93.08 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की गई है। इसके अलावा नगर पंचायत नगरी, नगर पंचायत मगरलोड, नगर पंचायत भखारा, नगर पंचायत कुरुद तथा अन्य क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जनपद कुरुद ने 1,63,652 में से 1,46,754 ईएफ डिजिटाइज कर 89.67 प्रतिशत जबकि जनपद धमतरी ने 1,51,741 में से 1,35,247 ईएफ डिजिटाइज कर 89.13 प्रतिशत प्रगति दर्ज की है। नगर निगम धमतरी ने 74.85 प्रतिशत तथा नगर पंचायत आमदी ने 87.10 प्रतिशत डिजिटलीकरण पूर्ण किया है।

मतदाता सूची के डिजिटलीकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले में ईएफ डिजिटलीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है और 88 प्रतिशत से अधिक प्रगति हमें आने वाले समय के लिए मजबूत आधार प्रदान करती है। हमारी टीमों ने गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर कठिन परिस्थितियों में भी यह कार्य किया है, जो सराहनीय है।

## किसानों को मिल रहा समय पर भुगतान कोचियों पर कसी जा रही नकेल

- प्रशासन की सख्त मॉनिटरिंग से सुचारू रूप से हो रही धान खरीदी
- अब तक 193 करोड़ रुपये से ज़्यादा की धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता, व्यवस्थित प्रबंधन और सतत निगरानी के साथ सुचारू रूप से जारी है। जिले की 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के अंतर्गत संचालित कुल 100 धान उपार्जन केन्द्रों में 1,27,851 किसानों का 1,19,541.09 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत किया गया है। इसमें 76,046 सीमांत, 49,493 लघु एवं 2,312 दीर्घ किसान शामिल हैं।

15 नवंबर से 28 नवंबर तक 17,580 किसानों से 81,704.52 मे.टन धान की खरीदी की जा चुकी है। खरीदे गए धान का कुल मूल्य 193.86 करोड़ रुपए है, जिसका भुगतान किसानों को प्रतिदिन नियमित रूप से किया जा रहा है।

धान खरीदी व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये अधिकारी प्रति सप्ताह स्थल निरीक्षण कर खरीदी की व्यवस्था, पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित कर रहे हैं।



### अवैध भंडारण और परिवहन पर सख्त कार्रवाई

कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम हेतु जिले में राजस्व, कृषि, खाद्य, सहकारिता एवं मंडी विभाग के अधिकारियों का उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। अंतरराज्यीय अवैध धान परिवहन रोकने हेतु उड़ीसा सीमा पर बोराई (घुटकेल), बांसपानी, बनरौद और सांकरा चेकपोस्ट पर 24×7 निगरानी की व्यवस्था की गई है। अब तक अवैध धान परिवहन, भंडारण के 28 प्रकरण दर्ज, कुल 1,253 मे.टन धान एवं 02 वाहन जप्त किए गए हैं।

### कस्टम मिलिंग में भी प्रगति

विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान के मिलिंग हेतु जिले में 102 राइस मिलों का पंजीयन किया गया है। इनमें से 55 राइस मिलों को 2,51,552 मे.टन धान उठाव की अनुमति जारी की गई है तथा 1,99,248 मे.टन का अनुबंध किया जा चुका है।


## पीएम की अभिव्यक्ति जनमानस के लिए प्रेरणादायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 128वें एपिसोड को श्रवण किया। कार्यक्रम सुनने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अभिव्यक्ति देश के जनमानस के लिए प्रेरणादायक तथा प्रोत्साहनवर्धक रही। श्री गांधी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने संविधान दिवस (26 नवंबर) के महत्व को रेखांकित करते हुए संविधान के प्रति अपनी आस्था और समर्पण को भावपूर्ण रूप से व्यक्त किया। साथ ही अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर सनातन संस्कृति के प्रतीक भगवा ध्वज की स्थापना को एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण अवसर बताया।

आगे कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का लंबे समय तक देश की जनता से प्रत्यक्ष संवाद बनाए रखना, विशेषकर मन की बात जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से एक प्रधान सेवक की अपने नागरिकों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम में धर्म, संस्कृति, साहित्य, खेल, समाज व देश-विदेश से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर फोकस रहता है, जो एक जनसेवक के कर्तव्य और संवेदनशीलता का सर्वोत्तम उदाहरण है। प्रीतेश गांधी ने कहा कि मन की बात आज देश के करोड़ों लोगों के बीच प्रेरणा का स्त्रोतबन चुका है और जनमानस से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम भी है।



## अंचल के चार शिक्षक बने प्राचार्य

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय सचिव के आदेशानुसार बृजलाल देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुजगहन, मनमोहन दास माध्यमिक शाला लोहरसी, पूनम पांडेय शोभाराम देवांगन उत्तर माध्यमिक शाला धमतरी एवं रविंद्र साहू नवीन कन्या आत्मानंद विद्यालय बठेना की प्राचार्य के रूप में पदोन्नति हुई। इनके प्राचार्य बनने पर कृपाशंकर मिश्रा, यशकरण सिंह गजेंद्र, होलाराम परिहा, अरुण कुमार गौर, कृष्णा राम साहू, राजकुमार मिश्रा, चुन्नीलाल तुरिया, लक्ष्मणराव मगर, अनीता घोरपड़े, टिकेश्वरी वर्मा, दिनेश सोनकर, मनोज साहू, रंजना साहू, प्रदीप शर्मा, वंदना मिश्रा, हनुमान सिंह वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया।



## रैली निकालकर दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत परिचर्चा और रंगोली प्रतियोगिता से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ एवं भ्रूण हत्या पाप है , जैसे नारों के साथ रैली निकाली गई, जिसने रामपोथीनेनी मार्ग का भ्रमण किया।

विशेष अतिथि श्रीमती उषा ठाकुर (सखी वन स्टॉप सेंटर प्रशासक) और श्रीमती प्रियंका गंजीर (महिला एवं बाल विकास विभाग) ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि बेटियां घर-परिवार का गौरव बढ़ाने में पूरी सक्षम हैं, बस उन्हें सही संस्कार और मार्गदर्शन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना या शोषण होने पर तुरंत 181 पर संपर्क करें। अनजान लोगों से बातचीत और मोबाइल पर अनावश्यक संपर्क से दूरी रखने की भी सलाह दी गई। उषा ठाकुर ने 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह को कानूनन अपराध बताया और जरूरत पड़ने पर कानूनी मदद लेने की अपील की।

कार्यक्रम का संचालन एवं शपथ ग्रहण रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने किया। आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य एलएन साहू ने किया। इस दौरान विद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य एलके उपाध्याय का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।



## श्रद्धांजलि योजना की राशि भेंट की



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

वार्ड क्रमांक 9 बांधा पारा निवासी गणेश साहू एवं निर्मल साहू की मां श्रीमती कमला बाई साहू का 28 दिसम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, वार्ड पार्षद अल्का साव ने शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना के तहत दो हजार की सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।













